**प्रश्न ३४—मुहम्मद गोरी कौन था ? उसकी भारतीय विजयों का वर्णन करो ।**

अथवा

मुहम्मद गोरी के भारतीय आक्रमणों का वर्णन कीजिये तथा महमूद गजनवी से इसकी तुलना कीजिये । (१९५९, १९६४)

सुल्तान महमूद की मृत्यु के बाद गजनी का पतन आरम्भ हो गया । गोर राज्य ने जो अब तक गजनी की अधीनता था, इस स्थिति का लाभ उठाया । इसी समय गजनी के सुल्तान बहराम के द्वारा गोर राजकुमार कुतुबुद्दीन का वध दोनों राज्यों के शासक वंशों में संघर्ष को और बढ़ावा दिया । इससे कुपित होकर कुतुबुद्दीन के भाई सैफुद्दीन ने गजनी पर आक्रमण किया और बहराम को परास्त किया । झगड़ा बढ़ता गया । सैफुद्दीन के छोटे भाई अलाउद्दीन ने गजनी को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया । उसके पश्चात् उसका चचेरा भाई गयासुद्दीन गोर की गद्दी पर बैठा । उसने गजनी पर पुनः अधिकार कर लिया और अपने भाई मुईज़ुद्दीन अथवा मुहम्मद गोरी को गजनी का शासक नियुक्त किया । मुहम्मद ने अपने भाई के साथ अच्छा सम्बन्ध कायम रक्खा और पूर्ण रूप से उसके प्रति वफादार रहा ।

## मुहम्मद गोरी का भारत पर आक्रमण

मुहम्मद गोरी ने गजनी में अपना प्रभुत्व स्थापित करने के उपरान्त भारत की ओर ध्यान दिया । वह ११७५ ई० से १२०५ ई० तक भारत पर निरन्तर आक्रमण करता रहा ।

## मुल्तान तथा कच्छ पर आक्रमण

मुहम्मद गोरी का पहला आक्रमण ११७५ ई० में मुल्तान पर हुआ । नगर